>

Title: Need to set up a Medical Research Institute in Eastern Uttar Pradesh to check the spread of Encephalitis in the State.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): केन्द्र सरकार द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में इंसेफेलाइटिस की जानलेवा बीमारी को रोकने के लिए लाखों की संख्या में नःशुल्क टीका राज्य सरकारों को उपलब्ध कराती है। इसी क्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए भी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 16 लाख टीका अप्रैल-मई माह में उपलब्ध कराया था। मानसून शुरू होते ही देश के विभिन्न हिस्से में इंसेफेलाइटिस का विकराल रूप दिखने लगता है। केवल जनवरी, 2010 से जुलाई तक गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इंसेफेलाइटिस के 568 मरीज भर्ती हुए जिसमें 92 लोगों की जान चली गई। 18 जुलाई को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में पांच बच्चों की इस गंभीर बीमारी से मौत हो गई। टीकाकरण न होने से इस बार मौत की संख्या में इजाफा होने की काफी संभावनायें बढ़ गई हैं। अभी भी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के वार्ड में इंसेफेलाइटिस के 70 मरीज भर्ती हैं। इसी तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जिले सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, पडरौना, देवरिया, संतकबीर नगर आदि जनपदों में भी इंसेफेलाइटिस का प्रकोप शुरू हो गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस की महामारी को रोकने हेतु केन्द्र सरकार एक शोध केन्द्र की स्थापना करे।